(vii)	कोलायत	-	बीकानेर
(viii)	नवलखा	-	बूंदी
(ix)	कायलाना	-	जोधपुर
(x)	बालसमंद	-	जोधपुर
(xi)	नक्की	-	माउण्ट आबू, सिरोही

816. 'महिला बाग का झालरा' किसके पास स्थित है?

(a) आना सागर झील, अजमेर
(b) पिछोला झील, उदयपरु
(c) गुलाब सागर झील, जोधपुर
(d) बालसमंद झील, जोधपुर

कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022

Ans. (c) 'महिला बाग का झालरा' जोधपुर में गुलाब सागर झील के पास स्थित है। इसका निर्माण जोधपुर के नरेश विजय सिंह जी की पासवान गुलाब राय ने 1780 में करवाया था।

817. निम्न में से कौन सी एक मीठे पानी की झील नहीं है?

(a) पिछोला (b) पुष्कर
(c) आना सागर (d) तालछापर

Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022

Ans. (d) : तालछापर झील राजस्थान के चुरु जिले में स्थित खारे पानी की झील है, जो ताल छापर पक्षी अभ्यारण्य का एक हिस्सा है। राज्य में खारे पानी की अन्य झीलें सांभर, डिडवाना, पचपदरा व कुचामन झीले हैं।

818. निम्नलिखित में से कौन सी नमकीन (खारे) पानी की झील नहीं है?

(a) कावोद (जैस)
(b) डीडवाना
(c) रेवासा (सीकर)
(d) जैतसागर (बूंदी)

Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22

Ans. (d) : दिए गए विकल्पों में जैतसागर झील मीठे पानी की झील है, शेष सभी झीलें खारे पानी की है। जैत सागर झील राजस्थान के बूँदी जिले में स्थित है। इस झील का निर्माण 'राजा जैता मीणा' ने करवाया था। राजस्थान में स्थित प्रमुख मीठे पानी के झीलें निम्नलिखित हैं-जयसमंद, राजसमंद, पुष्कर, नक्की आदि। राजस्थान की खारे पानी व मीठे पानी की सबसे बड़ी झील क्रमशः सांभर झील (जयपुर) व जयसमंद झील (उदयपुर) है।

819. किस झील का निर्माण 1891-92 के दौरान अकाल राहत कार्यों के तहत् करवाया गया?

(a) राजसमंद झील (b) फतेहसागर झील
(c) फॉयसागर झील (d) नक्की झील

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (c) : फॉयसागर झील अंग्रेजों द्वारा राजस्थान के अजमेर में वर्ष 1892 में अकाल राहत परियोजना के रूप में बनायी गयी थी। झील का नाम इंजीनियर श्री फोय से मिला, जिनकी देखरेख में अकाल के दौरान शहर और इसके आस-पास के क्षेत्रों में पानी की कमी से निपटने के लिए इसका निर्माण किया गया था। यह एक समतल जल-निकाय है और पड़ोसी अरावली पर्वतों का मनोरम दृश्य प्रस्तुत करता है। यह झील 14000,000 वर्ग फीट में फैली है और इसमें 15 मिलियन क्यूबिक फीट पानी समा सकता है।

820. गैब सागर झील कहाँ स्थित है?

(a) बांसवाड़ा (b) अजमेर
(c) माउंट आबू (d) डूंगरपुर

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)

Ans. (d) : गैब सागर झील डूँगरपुर में स्थित है। इसका निर्माण 1428 ई. में महाराज गोपीनाथ (गैपारावल) द्वारा किया गया था। प्रकृति प्रेमी गैपा रावल ने गैप सागर की लहरों का सौन्दर्य निहारने के लिये गैप सागर के पार्श्व में 'भागा-महल' बनवाया और बाद में इस झील की जलराशि के बीच 'बादल-महल' बनवाया।

821. सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए-

सूची- I (झील/बाँध) सूची- II (जिला)

1. तालाब-ए-शाही (i) पाली
2. गैब सागर (ii) बांसबाड़ा
3. कडाणा (iii) धौलपुर
4. हेमावास (i) डूंगरपुर

कूट

(a) 1-(i) 2-(ii) 3-(iii) 4-(iv)
(b) 1-(iii) 2-(iv) 3-(ii) 4-(i)
(c) 1-(ii) 2-(iii) 3-(i) 4-(iv)
(d) 1-(iii) 2-(ii) 3-(iv) 4-(i)

Ans. (b) : सही मिलान इस प्रकार है।

सूची-I (झील/बाँध)	सूची-II (जिला)
(a) तालाब-ए-शाही	धौलपुर
(b) गैब सागर	डूंगरपुर
(c) कडाणा	बाँसवाड़ा
(d) हेमावास	पाली

822. राजस्थान में झीलों का पश्चिम से पूर्व की ओर सही क्रम पहचानिए-

(a) पचपदरा-कायलाना-बालसमंद-राजसमंद
(b) कायलाना-बालसमंद-राजसमंद-पचपदरा
(c) राजसमंद-बालसमंद -कायलाना-पचपदरा
(d) कायलाना-बालसमंद-पचपदरा- राजसमंद

Live Stock Assistant (Tsp Area)- 16.10.2016

Ans. (a) राजस्थान में झीलों का पश्चिम से पूर्व का क्रम- पचपदरा- कायलाना- बालसंमद- राजसमंद

• **पचपदरा झीलः-** यह झील राजस्थान के बाड़मेर जिले में स्थित है यह खारे पानी की झील है।

• **कायलाना झीलः-** यह झील राजस्थान के जोधपुर जिले में स्थित है। यह मानव निर्मित झील है इसका निर्माण प्रताप सिंह ने 1872 ई0 में बनवाया था।

• **बालसमंद झीलः-** यह झील भी जोधपुर जिले स्थित है, इस झील का निर्माण गुज्रर प्रतिहार शासकों ने करवाया था।

• **राजसमंद झीलः-** यह झील राजस्थान के राजसमंद नगर के समीप स्थित है, इसका निर्माण सन् 1662 ई0 के दशक में मेवाड़ के राणा राज सिंह प्रथम ने करवाया था।